जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 23.01.2014

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
(सं. 2014/576)

## <u>जैसलमेर–बांद्रा टर्मिनस–जैसलमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया अहमदाबाद, पालनपुर, मारवाड, जोधपुर एवं रामदेवरा) नई रेल सेवा का संचालन</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल बजट 2013–14 में घोषित जैसलमेर–बांद्रा टर्मिनस–जैसलमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन **<u>बांद्रा टर्मिनस से दिनांक 24.01.14 से</u>** प्रारम्भ किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार इस रेल सेवा का प्रारम्भ उद्‌घाटन स्पेशल रेल सेवा के रूप में बांद्रा टर्मिनस से दिनांक 24.01.2014 शुक्रवार को किया जा रहा है। उद्‌घाटन विशेष रेल सेवा गाडी संख्या 09063, बांद्रा टर्मिनस–जैसलमेर स्पेशल एक्सप्रेस **दिनांक 24.01.14 शुक्रवार को** बांद्रा टर्मिनस से 11.10 बजे रवाना होकर शनिवार को 12.30 बजे जैसलमेर पहुॅचेगी। उद्‌घाटन विशेष रेल सेवा का ठहराव नियमित रेल सेवा के ठहरावों के अनुसार ही रहेगा।

*<u>नियमित रेल सेवा की समय–सारिणी</u>*

गाडी संख्या 19064, जैसलमेर–बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस जैसलमेर से **दिनांक 25.01.14 से प्रत्येक शनिवार** 18.30 बजे रवाना होकर रविवार 17.35 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19063, बांद्रा टर्मिनस–जैसलमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनस से **दिनांक 31.01.14 से प्रत्येक शुक्रवार** 14.35 बजे रवाना होकर शनिवार 13.15 बजे जैसलमेर पहुॅचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, बडोदरा, आंनद, नदियाड, अहमदाबाद, साबरमती, मेहसाना, ऊंझा, पालनपुर, आबूरोड, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड, पाली मारवाड, लूनी, जोधपुर, ओंसिया, फलौदी, रामदेवरा एवं श्री भादरिया लाठी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 06 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 17 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**